बिहार सरकार,
बिहार कौशल विकास मिशन,
श्रम संसाधन विभाग

आदेश

दिनांक–20.01.2018 को बिहार कौशल विकास मिशन के राज्य कार्यक्रम प्रबंधन इकाई में कार्यरत टीम के द्वारा BSDC, घोसवरी, जिला पटना KYP code 06050081 का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के पश्चात इस टीम के द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि –

1. निरीक्षण के समय BSDC, घोसवरी में केवल 13 कंप्यूटर हीं क्रियाशील पाये गये। Center Coordinator के द्वारा लिखित रूप से प्रतिवेदित किया गया कि 7 कंप्यूटर जुलाई, 2017 से हीं कार्यरत नहीं हैं ।
2. केन्द्र पर कोई Power backup की सुविधा नहीं है । केन्द्र पर जेनरेटर उपलब्ध पाया गया, लेकिन यह विद्युत श्रृंखला से संबद्ध नहीं पाया गया तथा इसके संचालन हेतु इसमें ईंधन भी उपलब्ध नहीं था ।
3. केन्द्र पर कोई भी पंजीकृत Learning facilitator उपलब्ध नहीं था, साथ हीं portal पर जितने कर्मियों के नाम अंकित हैं उनमें से कोई भी निरीक्षण के समय केन्द्र पर उपस्थित नहीं था ।
4. केन्द्र पर उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों के द्वारा लिखित रूप से शिकायत किया गया कि केन्द्र पर क्लास रुम संचालन की व्यवस्था नहीं है । उनके द्वारा लिखित रूप से यह भी सूचित किया गया कि केन्द्र संचालन हेतु कोई समय निर्धारित नहीं है । प्रशिक्षणार्थियों को जब मर्जी होती है, वे केन्द्र पर आते हैं तथा जब मर्जी होती है वे केन्द्र से चले जाते हैं ।
5. बिजली बाधित होने पर जेनरेटर स्टार्ट नहीं किया जाता है तथा प्रशिक्षण समाप्त कर दिया जाता है ।
6. केन्द्र पर पेय जल की सुविधा नहीं है, न हीं प्रशिक्षणार्थियों के लिए शौचालय की हीं व्यवस्था है । केन्द्र पर CCTV कैमरा अधिष्ठापित नहीं है ।
7. Learning facilitator को माह जुलाई, 2017 के बाद पारिश्रमिक का भुगतान नहीं किया गया है ।
8. प्रशिक्षणार्थियों के द्वारा यह लिखित रूप से शिकायत की गयी कि परिचय पत्र के नाम पर उनसे 100/–रूपये की माँग की जाती है ।

प्रतिवेदित आरोप अत्यंत हीं गंभीर स्वरूप के पाये जाने के कारण BSDC, घोसवरी(पटना) KYP code 06050081 के संचालक एजेंसी मेसर्स नई दिशा से बिहार कौशल विकास मिशन के पत्र संख्या–137 दिनांक–05.02.2018 के द्वारा स्पष्टीकरण की माँग की गयी । इस स्पष्टीकरण में यह स्पष्ट रूप से अंकित था कि एक सप्ताह के अंदर स्पष्टीकरण का जवाब प्राप्त नहीं होने की स्थिति में यह माना जायेगा कि एजेंसी को इस संबंध में कुछ नहीं कहना है तथा उनके संगठन के विरुद्ध नियमानुकूल अनुशासनिक कार्रवाई की जायेगी ।

पूछे गये स्पष्टीकरण के आलोक में BSDC, घोसवरी, KYP Code 06050081 के संचालक एजेंसी मेसर्स नई दिशा के द्वारा कोई प्रत्युत्तर नहीं दिया गया, जिससे यह प्रमाणित होता है कि संचालक एजेंसी मेसर्स नई दिशा कुशल युवा कार्यक्रम के संचालन के प्रति गंभीर एवं संवेदनशील नहीं हैं ।

अतः एजेंसी मेसर्स नई दिशा के विरुद्ध BSDC, घोसवरी, पटना के संचालन में कोताही बरतने के प्रमाणित आरोपों के लिए कठोर चेतावनी निर्गत की जाती है, साथ हीं उनके इस केन्द्र BSDC, घोसवरी, पटना KYP code 06050081 की माह जनवरी,2017 बैच के Final Invoice से 50% की राशि की कटौती की जाती है । उन्हें यह भी चेतावनी निर्गत किया जाता है कि भविष्य में निरीक्षण के दौरान यदि इस केन्द्र के संचालन में किसी प्रकार की कोई त्रृटि पायी जाती है तो इस केन्द्र पर

छात्रों का नामांकन अवरूद्ध कर दिया जायेगा तथा पूर्व से नामांकित छात्रों का प्रशिक्षण समाप्त होने के पश्चात एर्जेंसी के द्वारा जमा किये गये Performance guarantee की राशि को जब्त करते हुए उनके साथ हस्ताक्षरित अनुबंध को रद्द कर दिया जायेगा तथा उन्हें काली सूची में दर्ज किये जाने की कार्रवाई की जायेगी ।

ह0/–
(दीपक कुमार सिंह)
प्रधान सचिव–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
बिहार कौशल विकास मिशन ।

ज्ञापांक–BSDM/SDM–18/2016– 250 पटना,दिनांक– 05/3/2018

प्रतिलिपि– (1) एर्जेंसी मेसर्स नई दिशा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(2) मिशन निदेशक/ प्रशासी पदाधिकारी/ मिशन प्रबंधक, कार्यक्रम क्रियान्वयन/ मिशन प्रबंधक, वित्त, बिहार कौशल विकास मिशन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। मिशन प्रबंधक, वित्त को आदेश दिया जाता है कि वे मेसर्स नई दिशा के साथ संबद्ध BSDC, घोसवरी, KYP Code 06050081 के माह जनवरी, 2018 बैच के Final Invoice से 50% की राशि कटौती करना सुनिश्चित करें । मिशन निदेशक, बिहार कौशल विकास मिशन को आदेश दिया जाता है कि वे इस आदेश की प्रति को सभी SDC/BSDC को परिचारित करना सुनिश्चित करें ।

(3) Project Director, MKCL/ Project Director, SPMU(E&Y)/ SPMU Incharge, नालन्दा/ श्री रत्नदीप सिंह, प्रबंधक,MIS & M&D को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित । निदेश दिया जाता है कि इस आदेश को बिहार कौशल विकास मिशन के Web portal पर Upload करना/कराना सुनिश्चित करें ।

5/3/18

प्रधान सचिव–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
बिहार कौशल विकास मिशन ।